collegebatch.com

**Series EF1GH/1**

**SET~2**

प्रश्न–पत्र कोड
Q.P. Code **66/1/2**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# व्यावसायिक अध्ययन
# BUSINESS STUDIES

*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*
*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

**नोट / NOTE :**

(i) *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।*
*Please check that this question paper contains **23** printed pages.*

(ii) *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
*Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*

(iii) *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।*
*Please check that this question paper contains **34** questions.*

(iv) ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***

(v) *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
*15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सामने अंकित हैं ।*

*(iii) उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए ।*

*(iv) **3** अंकों के प्रश्नों के उत्तर 50 से 75 शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(v) **4** अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(vi) **6** अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(vii) प्रत्येक प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक साथ लिखे जाने चाहिए ।*

*प्रश्न संख्या **1** से **20** तक बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) हैं, जिनमें प्रत्येक का **1** अंक है ।* *20×1=20*

**1.** स्तम्भ I में दी गई व्यावसायिक पर्यावरण की विभिन्न विशेषताओं का स्तम्भ II में दी गई उसकी व्याख्याओं से मिलान कीजिए :

| | *स्तम्भ I* | | *स्तम्भ II* |
|---|---|---|---|
| A. | गतिशील प्रकृति | (i) | पर्यावरण एक जटिल तथ्य है जिसको अलग-अलग हिस्सों में समझना सरल है लेकिन समग्र रूप से समझना कठिन है । |
| B. | जटिलता | (ii) | व्यावसायिक पर्यावरण भिन्न-भिन्न देशों में एवं भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग होता है । |
| C. | तुलनात्मकता | (iii) | व्यावसायिक पर्यावरण निरन्तर परिवर्तित होता रहता है या तो तकनीकी सुधार के रूप में या उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं में बदलाव के रूप में । |

(a) A–(iii), B–(ii), C– (i)

(b) A–(ii), B–(iii), C–(i)

(c) A–(iii), B–(i), C–(ii)

(d) A–(i), B–(ii), C–(iii)

collegebatch.com

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Marks are indicated against each question.*

*(iii)* *Answers should be brief and to the point.*

*(iv)* *Answers to questions carrying **3** marks may be from 50 to 75 words.*

*(v)* *Answers to questions carrying **4** marks may be in about 150 words.*

*(vi)* *Answers to questions carrying **6** marks may be in about 200 words.*

*(vii)* *Attempt all parts of a question together.*

*Questions **1** to **20** are Multiple Choice Questions (MCQs), carrying **1** mark each.* *20×1=20*

**1.** Match the various characteristics of Business environment given in Column I with their respective explanations in Column II :

| | *Column I* | | *Column II* |
|---|---|---|---|
| A. | Dynamic nature | (i) | Environment is a phenomenon that is relatively easier to understand in parts but difficult to grasp in its totality. |
| B. | Complexity | (ii) | Business environment differs from country to country and even region to region. |
| C. | Relativity | (iii) | Business environment keeps on changing, whether in terms of technological improvement or shifts in consumer preferences. |

(a) A–(iii), B–(ii), C– (i)

(b) A–(ii), B–(iii), C–(i)

(c) A–(iii), B–(i), C–(ii)

(d) A–(i), B–(ii), C–(iii)

collegebatch.com

**2.** ‘प्रबंध में शब्दों और अवधारणाओं की अपनी एक शब्दावली है । उनकी कार्य स्थिति को अच्छी तरह से समझने के लिए प्रबंधकों को एक-दूसरे के साथ संवाद करते समय सामान्य शब्दावली की सहायता से संप्रेषण करने की आवश्यकता है ।’

उपर्युक्त कथन में ‘प्रबंध एक विज्ञान के रूप में’ की किस विशेषता पर प्रकाश डाला गया है ?

(a) परीक्षण पर आधारित सिद्धांत

(b) व्यवस्थित ज्ञान-समूह

(c) व्यापक वैधता

(d) व्यक्तिगत उपयोग

**3.** ____________ संदर्भित करता है एक अधीनस्थ कर्मचारी को सौंपे गए कार्य का भली-भाँति निष्पादित करना ।

(a) अधिकार

(b) उत्तरदायित्व

(c) उत्तरदेयता

(d) अंतरण

**4.** ‘ऐलफैंज़ो लिमिटेड’ अपने सभी उद्देश्यों को प्रभावपूर्ण एवं कुशलतापूर्वक तरीके से प्राप्त कर रही है । यह व्यवसाय की लागतों को पूरा करने और जोखिमों को उठाने के लिए पर्याप्त लाभ अर्जित कर रही है । अब कम्पनी अपने विक्रय आवर्त, पूँजी निवेश, कर्मचारियों की संख्या तथा उत्पादों की संख्या में भी वृद्धि चाहती है ।

ऐसा करके प्रबंधन अपने निम्नलिखित उद्देश्यों को प्राप्त करना चाहता है :

(a) जीवित रहना

(b) लाभ

(c) व्यक्तिगत

(d) विकास

**5.** कोविड-19 महामारी के दौरान, रेस्तराँ उद्योग ने बहुत-सी चुनौतियों का सामना किया । मंदी के कारण माँग में अत्यधिक कमी आई । अप्रैल, 2022 से कोविड का प्रभाव कम होना शुरू हो गया । अर्थव्यवस्था ने अपनी रफ़्तार पकड़ ली तथा रेस्तराँ उद्योग में उत्कर्ष की स्थिति देखी गई । इसके परिणामस्वरूप बढ़ते हुए उत्पादन एवं विक्रय के कारण अधिक कार्यशील पूँजी की आवश्यकता थी ।

उपर्युक्त चर्चित कार्यशील पूँजी की आवश्यकता को प्रभावित करने वाला घटक है :

(a) मौसमी कारक

(b) उत्पादन चक्र

(c) संचालन कार्यकुशलता

(d) व्यवसाय चक्र

**2.** 'Management has its own vocabulary of terms and concepts. Managers need to communicate with one another with the help of a common vocabulary for the better understanding of their work situation.'

Which characteristic of 'Management as a Science' is highlighted in the above statement ?

(a) Principles based on experimentation

(b) Systematised body of knowledge

(c) Universal validity

(d) Personalised application

**3.** ____________ refers to the obligation of a subordinate to properly perform the assigned duty.

(a) Authority

(b) Responsibility

(c) Accountability

(d) Delegation

**4.** 'Alfanzo Ltd.' is achieving all its objectives in an effective and efficient manner. It is earning enough revenue to cover costs and the risks of the business. Now the company wants to increase the sales volume, the capital investment, the number of employees and the number of products also.

By doing this, the management wants to achieve its following objective :

(a) Survival

(b) Profit

(c) Personal

(d) Growth

**5.** During the Covid-19 pandemic, the restaurant industry faced many challenges. The slowdown led to huge decrease in demand. From April 2022, the effect of Covid started reducing. The economy started picking up and a boom was noticed in the restaurant industry. As a result, larger amount of working capital was required with increased production and sales.

The factor affecting the working capital requirement discussed above is :

(a) Seasonal factor

(b) Production cycle

(c) Operating efficiency

(d) Business cycle

collegebatch.com

**6.** ऑनलाइन खरीदारी की ओर उपभोक्ता की प्राथमिकता में परिवर्तन के अनुकूल 'फास्ट-सर्विस' ने एक किराना वितरण ऐप शुरू किया । यह वह प्लेटफॉर्म है जो 10 मिनट में किराने की वस्तुओं के वितरण को आश्वस्त करता है । इस सेवा के कारण 'फास्ट-सर्विस' ने एक वर्ष के भीतर ही अत्यधिक लाभ अर्जित कर लिया । इसने अपनी प्रचालन क्रियाओं को बढ़ाने की योजना बनाई और निर्णय लिया कि यह अपनी प्रतिभूतियों को प्रत्यक्ष रूप से निर्गमित करके कोष एकत्रित करेगी ।

वह बाज़ार जिसके माध्यम से 'फास्ट-सर्विस' ने अपने विस्तार के लिए कोष एकत्रित करने का निर्णय लिया है, वह है :

(a) मुद्रा बाज़ार

(b) प्राथमिक बाज़ार

(c) द्वितीयक बाज़ार

(d) प्राथमिक एवं द्वितीयक बाज़ार दोनों

**7.** 'पूँजी बाज़ार प्रलेख प्रपत्र मूल्य की वापसी एवं उन पर प्रतिफल दोनों दृष्टिकोणों से मुद्रा बाज़ार प्रलेखों के अपेक्षाकृत अधिक जोखिमपूर्ण होते हैं ।'

यह 'पूँजी बाज़ार' एवं 'मुद्रा बाज़ार' के बीच अन्तर के निम्नलिखित बिन्दु को प्रकाशित करता है :

(a) प्रलेख

(b) अवधि

(c) सुरक्षा

(d) तरलता

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन वित्तीय नियोजन के महत्त्व पर प्रकाश ***नहीं*** डालता ?

(a) वित्तीय नियोजन में तैयार की गई कार्य की विस्तृत योजना अपव्यय, क्रियाओं की पुनरावृत्ति तथा नियोजन के अंतराल में वृद्धि करती है ।

(b) विभिन्न व्यावसायिक परिस्थितियों में यह पूर्वानुमान लगाने में मदद करती है कि भविष्य में क्या घटित हो सकता है ।

(c) यह निवेश तथा वित्तीय निर्णयों के बीच अनवरत आधार पर संपर्क प्रदान करता है ।

(d) इससे व्यावसायिक आकस्मिक परेशानियों तथा विस्मयों से बचने में सहायता मिलती है तथा कम्पनी को भविष्य निर्माण में भी सहायता मिलती है ।

**6.** Adapting to a change in consumer preference towards online shopping, 'Fast-Service' started a grocery delivery app. It is a platform that ensures 10-minute deliveries of groceries. Because of this service, 'Fast-Service' earned huge profit within a year. It planned to expand its operations and decided to raise funds by directly issuing its securities to investors.

The market through which 'Fast-Service' has decided to raise funds for its expansion is :

(a) Money market

(b) Primary market

(c) Secondary market

(d) Both Primary and Secondary markets

**7.** 'Capital Market instruments are riskier both with respect to returns and principal repayment as compared to Money Market instruments.'

This highlights the following point of difference between 'Capital Market' and 'Money Market' :

(a) Instruments

(b) Duration

(c) Safety

(d) Liquidity

**8.** Which of the following statements does ***not*** highlight the importance of financial planning ?

(a) Detailed plans of action prepared under financial planning increase waste, duplication of efforts and gaps in planning.

(b) It helps in forecasting what may happen in future under different business situations.

(c) It provides a link between investment and financing decisions on a continuous basis.

(d) It helps in avoiding business shocks and surprises and helps the company in preparing for the future.

**9.** 'रोमा लिमिटेड' ने अपने उत्पादों के सफल विपणन के लिए ग्राहकों की आवश्यकताओं को पहचाना । यह संगठन के उपलब्ध अवसरों, खतरों, कमज़ोरियों एवं सुदृढ़ता का विश्लेषण करने एवं यह निर्णय लेने के लिए महत्त्वपूर्ण है कि किन अवसरों का लाभ उठाने के लिए उन्हें बेहतर ढंग से प्राप्त करने का प्रयास किया जा सकता है ।

ऐसा करके 'रोमा लिमिटेड' निम्नलिखित में से विपणन के किस कार्य का निष्पादन कर रही है ?


(a) प्रमापीकरण (मानकीकरण) एवं ग्रेड तय करना

(b) उत्पाद का रूपांकन एवं विकास

(c) विपणन नियोजन

(d) बाज़ार संबंधी सूचना एकत्रित करना तथा उसका विश्लेषण करना

**10.**




वह चिह्न जो सभी 'ऐलीगेंट' कारों पर दिखाई देता है तथा जिसे पुकारा नहीं जा सकता, जाना जाता है :

(a) ब्रान्ड (b) ब्रान्ड नाम

(c) ब्रान्ड चिह्न (d) ट्रेड मार्क

collegebatch.com

**9.** 'Roma Ltd.' identified the needs of the customers for the successful marketing of their products. This was important for making an analysis of the available opportunities, threats, weaknesses and strengths of the organisation and help in deciding what opportunities can best be pursued by it.

By doing so, which of the following functions of marketing is being performed by 'Roma Ltd.' ?


(a) Standardisation and grading

(b) Product designing and development

(c) Marketing planning

(d) Gathering and analysing market information

**10.**




The symbol which appears on all the 'Elegant' cars and which is not utterable is known as its :

(a) Brand (b) Brand name

(c) Brand mark (d) Trade mark

**11.** 'एक अच्छी भौतिक वितरण प्रणाली वह है जिसमें आदेश की पूर्ति सटीक एवं शीघ्र होती है जिसके अभाव में वस्तुएँ ग्राहकों के पास देर से पहुँचेगी या ग़लत मात्रा में होंगी ।'

उपर्युक्त में प्रकाशित भौतिक वितरण का घटक है :

(a) भंडारण (b) आदेश का प्रक्रियण

(c) परिवहन (d) संग्रहित माल पर नियंत्रण

**12.** __________ में जनता की नज़रों में कम्पनी की छवि तथा इसके व्यक्तिगत उत्पादों के प्रवर्तन तथा संरक्षण हेतु कई प्रकार के कार्यक्रम सम्मिलित हैं ।

(a) व्यक्तिगत विक्रय (b) जनसंपर्क

(c) विक्रय प्रवर्तन (d) विज्ञापन

**13.** 'समन्वय विभिन्न विभागों तथा विभिन्न स्तरों पर प्रयासों को एकीकृत करता है ।'

उपर्युक्त कथन में प्रकाशित समन्वय की विशेषता की पहचान कीजिए ।

(a) समन्वय कार्यवाही में एकता लाता है ।

(b) समन्वय एक सर्वव्यापी कार्य है ।

(c) समन्वय एक सोचा-समझा कार्य है ।

(d) समन्वय सभी प्रबंधकों का उत्तरदायित्व है ।

**14.** निम्नलिखित में से कौन-से विधिक पर्यावरण के उदाहरण हैं ?

(i) ऐल्कोहॉल-युक्त पेय-पदार्थों का विज्ञापन प्रतिबंधित है

(ii) ऋणों पर ब्याज दर में कटौती

(iii) जैविक खाद्य-पदार्थों की माँग में वृद्धि

(iv) दस्तावेज़ों को स्टोर करने के लिए डिजी-लॉकर

(v) 1993 में, सर्वोच्च न्यायालय ने आगरा के 'ताज महल' के आसपास लोहे की ढलाई शालाओं को बन्द करने का आदेश पारित किया

(a) (i) तथा (iv)

(b) (i) तथा (ii)

(c) (ii) तथा (iii)

(d) (i) तथा (v)

collegebatch.com

**11.** 'A good physical distribution system should provide for an accurate and speedy processing of orders in the absence of which goods will reach the customers late or in wrong quantity.'

The component of physical distribution highlighted above is :

| | |
|---|---|
| (a) Warehousing | (b) Order Processing |
| (c) Transportation | (d) Inventory Control |

**12.** ________ involves a variety of programmes designed to promote or protect a company's image and its individual products in the eyes of the public.

| | |
|---|---|
| (a) Personal selling | (b) Public relations |
| (c) Sales promotion | (d) Advertising |

**13.** 'Coordination integrates the efforts of different departments and at different levels.'

Identify the characteristic of coordination highlighted in the above statement.

(a) Coordination ensures unity of action.

(b) Coordination is an all pervasive function.

(c) Coordination is a deliberate function.

(d) Coordination is the responsibility of all managers.

**14.** Which of the following are the examples of Legal Environment ?

(i) Advertisement of alcoholic beverages is prohibited

(ii) Decrease in interest rate on loans

(iii) Increase in demand for organic foods

(iv) Digilockers for storing documents

(v) In 1993, the Supreme Court passed an order to close the iron foundries around 'Taj Mahal' at Agra

(a) (i) and (iv)

(b) (i) and (ii)

(c) (ii) and (iii)

(d) (i) and (v)

collegebatch.com

**15.** उमंग 'एल.जी. पेपर्स लिमिटेड' में 'उत्पादन प्रबंधक' के रूप में कार्य कर रहा था । कम्पनी ने बाज़ार में नए पर्यावरण-अनुकूल कागज़ के स्ट्रॉ का शुभारंभ किया । महा प्रबंधक द्वारा, उसे प्रतिदिन 5,000 स्ट्रॉ उत्पादित करने का लक्ष्य दिया गया । कर्मचारियों से ओवर-टाइम काम कराने के बाद भी उमंग लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सका ।

जाँच-पड़ताल पर यह पाया गया कि कर्मचारियों को इन पर्यावरण-अनुकूल कागज़ के स्ट्रॉ का उत्पादन करने के लिए उचित प्रशिक्षण प्राप्त नहीं हुआ था । अत: कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण के लिए भेज दिया गया ।

प्रबंध का वह कार्य जो उमंग को यह पहचानने में सहायता कर पाया कि वह लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सका, वह है :

(a) नियोजन

(b) संगठन

(c) निर्देशन

(d) नियंत्रण

**16.** *कथन I :* प्रबंध बहुआयामी है ।

*कथन II :* एक उद्यम के प्रबंधन में सम्मिलित गतिविधियाँ सभी संगठनों के लिए सामान्य हैं चाहे यह आर्थिक, सामाजिक अथवा राजनीतिक हों ।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) कथन I सत्य है तथा II असत्य है ।

(b) कथन II सत्य है तथा I असत्य है ।

(c) दोनों कथन असत्य हैं ।

(d) दोनों कथन सत्य हैं ।

**17.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रबंध के 'नियंत्रण' कार्य की प्रक्रिया का एक चरण ***नहीं*** है ?

(a) निष्पादन मानकों का निर्धारण

(b) कर्तव्यों का निर्धारण

(c) सुधारात्मक कार्यवाही करना

(d) वास्तविक निष्पादन की मानकों से तुलना

collegebatch.com

**15.** Umang was working as a 'Production Manager' at 'LG Papers Ltd.' The company had launched new eco-friendly paper straws in the market. He was given a target of producing 5,000 straws a day, by the General Manager. In spite of making the employees work overtime, Umang could not meet the target.

On investigation, it was found that the employees had not received the right training to manufacture these eco-friendly paper straws. So the employees were sent for special training.

The function of management which helped Umang in identifying that he could not meet the target is :

(a) Planning

(b) Organising

(c) Directing

(d) Controlling

**16.** *Statement I :* Management is multi-dimensional.

*Statement II :* The activities involved in managing an enterprise are common to all organisations whether economic, social or political.

Choose the correct option from the options given below :

(a) Statement I is true and II is false.

(b) Statement II is true and I is false.

(c) Both the statements are false.

(d) Both the statements are true.

**17.** Which of the following is ***not*** a step in the process of 'Controlling' function of management ?

(a) Setting performance standards

(b) Assignment of duties

(c) Taking corrective action

(d) Comparing actual performance with standards

**18.** ____________ विपणन मिश्र के एक घटक के रूप में लक्षित उपभोक्ताओं को फर्म के उत्पादों को उपलब्ध कराने की क्रियाएँ सम्मिलित करता है ।

(a) प्रवर्तन

(b) स्थान

(c) उत्पाद

(d) मूल्य

**19.** उद्यम की गतिविधियों को परिभाषित तथा समूहीकृत करने तथा उनके मध्य अधिकार संबंध स्थापित करने की प्रक्रिया है :

(a) निर्देशन

(b) नियुक्तिकरण

(c) प्रबंधन

(d) संगठन

**20.** संगीता अपने दाँत के दर्द के लिए 'स्माइल डेंटल क्लिनिक' गई । उसने देखा कि रिसेप्शनिस्ट, रिसेप्शन डेस्क पर बैठी थी, जो स्थान उसके लिए निश्चित था । दाँतों के औज़ार दाँत-औज़ार-ट्रे में सफाई से रखे गए थे तथा प्रयुक्त हो चुके औज़ार रोगाणुनाशक क्षेत्र में रखे हुए थे । वहाँ प्रत्येक वस्तु के लिए एक निश्चित स्थान था और प्रत्येक वस्तु अपने स्थान पर थी । डेंटिस्ट के कार्य में कोई बाधा नहीं थी और वह अपनी पूर्ण क्षमता के साथ कार्य कर रही थी ।

'स्माइल डेंटल क्लिनिक' में जिस प्रबंध के सिद्धांत का अनुपालन हो रहा था, वह था :

(a) समता

(b) अनुशासन

(c) व्यवस्था

(d) पहल-क्षमता

**21.** 'एक विशेष प्रक्रिया को अपनाकर विशिष्ट कार्यों को निष्पादित करने के लिए कर्मचारियों की मनोवृत्तियों, कौशलों एवं योग्यताओं को बढ़ाया जाता है ।' यह प्रक्रिया संगठन को विभिन्न प्रकार से लाभान्वित करती है ।

इस प्रक्रिया से संगठन को होने वाले किन्हीं तीन लाभों का उल्लेख कीजिए । *3*

collegebatch.com

**18.** __________ as an element of marketing mix includes the activities that make the firm's products available to the target customers.

(a) Promotion

(b) Place

(c) Product

(d) Price

**19.** The process of defining and grouping the activities of the enterprise and establishing authority relationship among them is :

(a) Directing

(b) Staffing

(c) Management

(d) Organising

**20.** Sangeeta visited 'Smile Dental Clinic' for treatment of toothache. She observed that the receptionist was seated at the reception desk, the place fixed for her. Dental instruments were laid neatly in dental instrument trays and the used instruments were placed in the sterilisation area. There was a fixed place for everything and it was present there. There was no hindrance in the work of the dentist and she was working with her maximum efficiency.

The principle of management followed at the 'Smile Dental Clinic' was :

(a) Equity

(b) Discipline

(c) Order

(d) Initiative

**21.** 'The attitudes, skills and abilities of employees to perform specific jobs are increased by adopting a specific process.' This process benefits the organisation in many ways.

State any three benefits of this process to the organisation. *3*

**22.** (क) (i) इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रतिभूतियों को रखने की प्रक्रिया का नाम दीजिए ।

(ii) मुद्रा बाज़ार के किन्हीं दो प्रतिभागियों के नाम दीजिए ।

(iii) उन निक्षेपागारों का नाम दीजिए जो प्रतिभूतियों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखते हैं । *3*

**अथवा**

(ख) लाभांश निर्णय को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन कारकों का उल्लेख कीजिए । *3*

**23.** हितेश 'किड्स गारमेंट्स लिमिटेड' का मुख्य कार्यकारी अधिकारी है । त्योहारों का मौसम होने के कारण, हितेश को 10,000 वस्त्रों का एक अतिरिक्त आदेश मिला जिसकी पूर्ति उसे दो दिन के अन्दर करनी थी । बाज़ार में अपनी ख्याति के कारण, वह इस आदेश को खोना नहीं चाहता था । अत: उसने दो कार्य-पालियों में कार्य का प्रचालन करके लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्णय लिया । उसने लक्ष्य की प्राप्ति कर ली और दो दिनों के अंदर आदेश की पूर्ति की । लेकिन दो कार्य-पालियों में काम करने के कारण उसकी उत्पादन लागत नियमित उत्पादन लागत से अधिक थी ।

उपर्युक्त अनुच्छेद में चर्चित प्रबंध की दो अवधारणाओं को पहचानिए एवं उनका अर्थ दीजिए । *3*

**24.** (क) प्रबंध के 'नियंत्रण' कार्य के महत्त्व के बिन्दुओं के रूप में निम्नलिखित को समझाइए : *3*

(i) संगठनात्मक लक्ष्यों की निष्पत्ति

(ii) कर्मचारियों की अभिप्रेरणा में सुधार

**अथवा**

(ख) संगठन के अंदर से ही रिक्त पदों को भरने से होने वाले किन्हीं तीन लाभों को समझाइए । *3*

**25.** 'जीटो लिमिटेड' ने अपने कर्मचारियों को बाज़ार मूल्य से कम मूल्य पर अंशों को प्रस्तावित किया ।

(क) कम्पनी द्वारा दिए गए अभिप्रेरक/प्रोत्साहन की पहचान कीजिए तथा उपर्युक्त चर्चित प्रोत्साहन के प्रकार का उल्लेख कीजिए ।

(ख) उपर्युक्त (क) में पहचाने गए प्रोत्साहन के प्रकार में से दो अन्य प्रोत्साहनों का उल्लेख कीजिए । *4*

**22.** (a) (i) Name the process of holding securities in an electronic form.

(ii) Name any two participants of Money Market.

(iii) Name the depositories that hold securities in electronic form. *3*

**OR**

(b) State any three factors affecting the dividend decision. *3*

**23.** Hitesh is the Chief Executive Officer of 'Kids Garments Ltd.' Due to festive season, Hitesh got an additional order of 10,000 garments which he had to supply within two days. Due to his goodwill in the market, he did not want to lose the order. So, he decided to achieve the target by operating on double shifts. He achieved the target and supplied the order within two days. But due to double shifts, his cost of production was higher than the regular production cost.

Identify and give the meaning of the two concepts of management discussed in the above para. *3*

**24.** (a) Explain the following as points of importance of 'Controlling' function of management : *3*

(i) Accomplishing organisational goals

(ii) Improving employee motivation

**OR**

(b) Explain any three advantages of filling vacancies from within the organisation. *3*

**25.** 'Zeto Ltd.' offers its employees shares at a price which is less than the market price.

(a) Identify the incentive offered by the company and state the type of incentive discussed above.

(b) State two other incentives of the type of incentive identified in (a) above. *4*

**26.** निम्नलिखित कथनों में प्रकाशित अवधारणाओं की पहचान कीजिए तथा उनका अर्थ दीजिए :

(क) किसी कार्य के लिए संभावित उम्मीदवारों का पता लगाने की प्रक्रिया ।

(ख) विभिन्न कार्यों को निष्पादित करने के लिए आवश्यक मानव संसाधनों की संख्या तथा वर्गों का आकलन ।

(ग) चयनित कर्मचारियों का अन्य कर्मचारियों से परिचय तथा संगठन के नियमों एवं नीतियों से उनको अवगत कराना ।

(घ) यह सुनिश्चित करता है कि संगठन को उपलब्ध कर्मचारियों में से सर्वोत्तम कर्मचारी प्राप्त होते हैं । *4*

**27.** नित्या एक जाने-माने विद्यालय की कक्षा XII की छात्रा है । उसकी पूर्वकल्पित सोच है कि उसकी अध्यापिका उसके कार्य में हमेशा कमी निकालती है । एक दिन कक्षा XII के परियोजना कार्य की जाँच करते समय शिक्षिका, नित्या का उसके कठोर परिश्रम तथा अच्छे निष्पादन के लिए सराहना करना चाहती थी, परन्तु जब तक वह अपना वाक्य पूरा करती नित्या अपनी शिक्षिका को सुनने से पहले ही कक्षा छोड़ कर बाहर चली गई ।

(क) 'सम्प्रेषण की बाधा' तथा बाधा के जिस प्रकार/श्रेणी से यह सम्बन्धित है उसकी पहचान कीजिए ।

(ख) उपर्युक्त (क) में पहचानी गई सम्प्रेषण बाधा के प्रकार/श्रेणी की दो अन्य बाधाओं को समझाइए । *4*

**28.** 'एक्स लिमिटेड' ने ₹ 4,00,000, 14% ऋणपत्रों एवं ₹ 60 प्रत्येक के 10,000 समता अंशों का निर्गमन किया । ब्याज एवं कर से पूर्व इस निवेश के परिणामस्वरूप ₹ 2,00,000 का शुद्ध लाभ हुआ । कर दर 50% थी ।

(क) 'एक्स लिमिटेड' की 'निवेश पर प्रत्याय' तथा 'प्रति अंश अर्जन' की गणना कीजिए ।

(ख) कारण सहित उल्लेख कीजिए कि उपर्युक्त उदाहरण अनुकूल वित्तीय उत्तोलक का है या प्रतिकूल वित्तीय उत्तोलक का । *4*

**26.** Identify and give the meaning of the concepts highlighted in the following statements :

(a) The process of finding possible candidates for a job.

(b) An assessment of the number and types of human resources necessary for the performance of various jobs.

(c) Introducing the selected employees to other employees and familiarising them with the rules and policies of the organisation.

(d) It ensures that the organisation gets the best employees amongst the employees available. *4*

**27.** Nitya is a student of class XII of a well-known school. She has a preconceived notion that her teacher always finds fault in her work. One day while checking the project work of class XII, her teacher wanted to appreciate Nitya for her hard work and good performance, but before she could complete her sentence, Nitya left the room without listening to her teacher.

(a) Identify the 'barrier to communication' and also the type/category of barrier to which it is related.

(b) Explain two other communication barriers of the type/category identified in (a) above. *4*

**28.** 'X Ltd.' issued 14% Debentures of ₹ 4,00,000 and 10,000 Equity shares of ₹ 60 each. This investment resulted in a net profit of ₹ 2,00,000 before interest and tax. The tax rate was 50%.

(a) Calculate the 'Return on Investment' and 'Earning per Share' of 'X Ltd.'

(b) State with reason whether the above example is that of favourable or unfavourable financial leverage. *4*

**29.** (क) स्थायी पूँजी से आशय दीर्घ-कालीन सम्पत्तियों में निवेश से है । एक उद्यम की स्थायी पूँजी की आवश्यकताओं को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो घटकों को समझाइए । *4*

**अथवा**

(ख) निम्नलिखित आधारों पर 'पूँजी बाज़ार' एवं 'मुद्रा बाज़ार' में अंतर्भेद कीजिए : *4*

(i) अवधि

(ii) तरलता

(iii) प्रपत्र

(iv) संभावित प्रतिफल

**30.** (क) व्यवसाय के दृष्टिकोण से उपभोक्ता संरक्षण के महत्त्व के किन्हीं चार बिन्दुओं को समझाइए । *4*

**अथवा**

(ख) एक उपभोक्ता के निम्नलिखित अधिकारों को समझाइए : *4*

(i) शिकायत/सुनवाई का अधिकार

(ii) क्षतिपूर्ति/निवारण पाने का अधिकार

**31.** (क) प्रबंध के निम्नलिखित सिद्धांतों को समझाइए : *6*

(i) कार्य विभाजन

(ii) कर्मचारियों को प्रतिफल

(iii) सामूहिक हितों के लिए व्यक्तिगत हितों का समर्पण

**अथवा**

(ख) वैज्ञानिक प्रबंध की निम्नलिखित तकनीकों को समझाइए : *6*

(i) विभेदात्मक पारिश्रमिक प्रणाली

(ii) कार्य का प्रमापीकरण एवं सरलीकरण

**32.** 'यह एक दी गई समयावधि के लिए उद्देश्यों को निर्धारित करता है, उन्हें प्राप्त करने के लिए विभिन्न वैकल्पिक कार्यवाहियों की पहचान करता है और फिर उपलब्ध विभिन्न वैकल्पिक कार्यवाहियों में से सर्वोत्तम संभव विकल्प का चयन करता है ।'

(क) उपर्युक्त में संदर्भित प्रबन्ध के कार्य की पहचान कीजिए ।

(ख) उपर्युक्त (क) में चर्चित प्रबंध के कार्य के महत्त्व के किन्हीं पाँच बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए । *6*

**29.** (a) Fixed capital refers to investment in long-term assets. Explain any two factors affecting the fixed capital requirements of an enterprise. *4*

**OR**

(b) Distinguish between 'Capital Market' and 'Money Market' on the basis of the following : *4*

(i) Duration

(ii) Liquidity

(iii) Instruments

(iv) Expected return

**30.** (a) Explain any four points of importance of consumer protection from the point of view of business. *4*

**OR**

(b) Explain the following rights of a consumer : *4*

(i) Right to be Heard

(ii) Right to Seek Redressal

**31.** (a) Explain the following principles of management : *6*

(i) Division of work

(ii) Remuneration of employees

(iii) Subordination of individual interest to general interest

**OR**

(b) Explain the following techniques of Scientific Management : *6*

(i) Differential piece-wage system

(ii) Standardisation and simplification of work

**32.** 'It is setting objectives for a given time period, identifying various alternative courses of action to achieve them and then selecting the best possible alternative from amongst the various alternative courses of action available.'

(a) Identify the function of management referred above.

(b) State any five points of importance of the function of management identified in (a) above. *6*

collegebatch.com

**33.** 'एक्स लिमिटेड' कारों का उत्पादन करती है । कम्पनी ने बाज़ार का सर्वेक्षण किया तथा पता लगाया कि पेट्रोल या डीज़ल की अपेक्षा ग्राहकों को पर्यावरण-अनुकूल कार की आवश्यकता है । ग्राहकों की आवश्यकता तथा विपणन की सामाजिक, नैतिक एवं पारिस्थितिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, कम्पनी ने बायो-डीज़ल पर चलने वाली कार का एक नया मॉडल बाज़ार में उतारा । कार को बाज़ार में उतारने की घटना को प्रमुख समाचार चैनलों तथा समाचार-पत्रों में विस्तृत रूप से प्रकाशित किया गया था । कार की सूचना को प्रचारित करने तथा व्यवसाय की ख्याति के निर्माण के लिए ऐसा किया गया । 'एक्स लिमिटेड' समझती है कि जनता के विचार को प्रबंधित करना तथा नियमित आधार पर जनता के साथ कम्पनी के सम्बन्ध को बनाए रखना अनिवार्य है ।

(क) उपर्युक्त स्थिति में अन्तर्निहित विपणन दर्शन की पहचान कीजिए एवं उसे समझाइए ।

(ख) कम्पनी द्वारा प्रयुक्त संप्रेषण साधन को पहचानिए एवं उसे समझाइए ।

(ग) किन्हीं दो अन्य संवर्धन साधनों को समझाइए जिनका प्रयोग 'एक्स लिमिटेड' द्वारा अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया जा सकता है । *6*

**34.** 'स्वीट्स एण्ड मोर' नाश्ते एवं मिठाइयों के लिए भारत की सबसे लोकप्रिय ब्रान्ड में से एक है । यह मिठाइयों, नमकीन, मीठे बिस्कुट तथा फ्रोज़न खाद्य-पदार्थों की एक विस्तृत शृंखला प्रदान करती है ।

इसका संगठनात्मक ढाँचा उपर्युक्त प्रत्येक श्रेणी के लिए एक अलग व्यावसायिक इकाई को शामिल करता है । इसकी प्रत्येक इकाई के लिए एक प्रबंधक है जिसका इकाई पर अधिकार है तथा वह निष्पादन के लिए उत्तरदायी है । इसके अतिरिक्त इन इकाइयों में प्रत्येक इकाई बहुकार्यात्मक है क्योंकि प्रत्येक इकाई में विभिन्न कार्य जैसे उत्पादन, विपणन, वित्त, इत्यादि का निष्पादन किया जाता है । यद्यपि इस प्रकार के संगठनात्मक ढाँचे से लागत बढ़ती है क्योंकि प्रत्येक उत्पाद के लिए क्रियाओं का दोहराव होता है, लेकिन यह निष्पादन मूल्यांकन के लिए सही आधार प्रदान करती है क्योंकि प्रत्येक व्यावसायिक इकाई से सम्बन्धित आय एवं लागत को आसानी से पहचाना जा सकता है ।

(क) 'स्वीट्स एण्ड मोर' के संगठनात्मक ढाँचे की पहचान कीजिए ।

(ख) उपर्युक्त (क) में पहचाने गए संगठनात्मक ढाँचे के उन तीन लाभों एवं दो दोषों का उल्लेख कीजिए जिसकी चर्चा उपर्युक्त स्थिति में नहीं की गई है । *6*

**33.** 'X Ltd.' is engaged in the manufacturing of cars. The company surveyed the market and found that customers need a car which runs on eco-friendly fuel instead of petrol or diesel. Keeping the needs of customers as well as social, ethical and ecological aspects of marketing in mind, the company launched a new model of car that runs on bio-diesel. The launch event was covered by the top news channels and newspapers. This was done to disseminate information about the car and build goodwill of the business. 'X Ltd.' understands that it is imperative to manage public opinion and company's relations with the public on a regular basis.

(a) Identify and explain the marketing philosophy involved in the above case.

(b) Identify and explain the communication tool that was used by the company.

(c) Explain any two other promotional tools that can be used by 'X Ltd.' to achieve its objectives. *6*

**34.** 'Sweets and More' is one of India's most popular brand for snacks and sweets. It offers a wide range of sweets, namkeens, cookies and frozen foods.

Its organisational structure comprises of separate business units in each of the above categories. Each of these units have a manager responsible for performance, having authority over the unit. Moreover, each of these units is multi-functional as within each unit, different functions like production, marketing, finance, etc. are performed. Though this kind of organisational structure leads to increased cost because of duplication of activities across products, but it provides a proper basis for performance measurement as revenues and costs related to each of these business units can be easily identified.

(a) Identify the organisational structure of 'Sweets and More'.

(b) State three advantages and two disadvantages of the organisational structure identified in (a) above which are not discussed in the above case. *6*